हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 30 नवंबर 2025

04 गीता कर्मयोग सिखाती है, रामचरित मानस...



07 प्लॉट पर कचरा फेंकने पर लाठी-फरसा और...



गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-5310
सरसों
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-7330
चना
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव- 5470
मसूर
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव-6410
ज्वार
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-5300
मक्का
न्यूनतम भाव-950
उच्चतम भाव- 1490
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-3041
धान
न्यूनतम भाव-1100
उच्चतम भाव-3400
गेंहू
न्यूनतम भाव-2320
उच्चतम भाव-2915
धनिया
न्यूनतम भाव-7900
उच्चतम भाव-7900
बटरी
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3610

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में शनिवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 13104 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### श्रमदान दल का सफाई अभियान आज

**गंजबासौदा।** बेतवा नदी स्वच्छता, संरक्षण एवं जन जागरूकता के उद्देश्य से श्रमदान दल द्वारा संचालित सप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 की श्रृंखला में बेतवा नदी स्वच्छता अभियान का 8 वां चरण रविवार को सुबह 7.30 से 9.30 बजे तक बेतवा नदी स्थित रिपटा घाट पर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में बेतवा नदी स्वच्छता अभियान से जड़ने की अपील की गई है।

### बैठक कल

**गंजबासौदा।** तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि नेशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार को लेकर सोमवार को दोपहर 2 बजे से नवीन न्यायालय परिसर में बैठक आयोजन किया गया है। जिसमें 13 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत, अन्य कार्यकम विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रमों एवं अन्य योजनाओं के प्रचार-प्रसार के संबंध में विस्तार से चर्चा की जाऐगी। जिसमें सभी पत्रकारगणों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

# देर रात्रि को ट्रेन में हुई महिला को डिलेवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात यूपी से मुंबई की ओर जाने वाली लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट ट्रेन गंजबासौदा से निकल रही थी। तभी ट्रेन में यात्रा कर रही उत्तर प्रदेश की गर्भवती महिला को अचानक से प्रसव पीड़ा हुई। इसकी सूचना महिला के पति नईमुद्दीन ने ट्रेन के स्टॉफ को दी। ट्रेन के स्टॉफ ने गंजबासौदा स्टेशन की जीआरपी पुलिस से संपर्क किया। गंजबासौदा पुलिस ने तत्काल 108 एंबुलेंस को कॉल किया। सूचना मिलते ही एम्बुलेंस स्टेशन पहुंची तब तक ट्रेन स्टेशन पर ही खड़ी रही। उसके बाद अस्पताल नर्स प्रतिभा और दाई इंदिरा मालवीय अपने पर्सनल मोटर साइकिल से रात को स्टेशन पहुंची। स्टॉफ के द्वारा महिला रजिया की डिलेवरी ट्रेन में ही कर दी। इस दौरान ट्रेन करीब 20 से 30 मिनट स्टेशन पर रुकी रही। डिलीवरी होने के बाद



अस्पताल स्टॉफ और जीआरपी पुलिस ने जच्चा बच्चा दोनों को नीचे उतार कर शासकीय अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टर ने बताया कि जच्चा, बच्चा दोनों स्वस्थ हैं जिनको विदिशा रेफर कर दिया। डिलेवरी अस्पताल की नर्स प्रतिभा और आया बाई इंदिरा मालवीय के द्वारा करवाई गई। इस दौरान मौके पर जीआरपी के जवान मौजूद रहे। इस मामले में सभी सहयोगियों की तत्परता की सराहना की जा रही है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार दोपहर के समय नवीन कृषि उपज मंडी के पास हुए सड़क हादसे में 24 वर्षीय नितेश प्रजापति की मौत हो गई। ग्राम बरेठ निवासी युवक स्कूटी से गंजबासौदा जा रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी तेज थी कि नितेश गंभीर रूप से घायल हो गया, खासकर उसके चेहरे पर गहरी चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। राहगीरों ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी, लेकिन अस्पताल ले जाने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा ट्रैक्टर को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नितेश की मौत की खबर सुनते ही उसके परिजन अस्पताल पहुंचे और बेटे को मृत देख बिलख पड़े। उन्होंने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। आसपास मौजूद लोगों ने बताया कि कृषि उपज मंडी क्षेत्र में ट्रैक्टरों की आवाजाही काफी ज्यादा रहती है। कई चालक तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं और यातायात नियमों की अनदेखी करते हैं। लोगों का कहना है कि कुछ समय पहले भी इसी जगह हुए एक हादसे में एक युवक की जान गई थी। स्थानीय निवासियों ने यातायात पुलिस से इस क्षेत्र में नियमित जांच अभियान चलाने और तेज रफ्तार वाहनों पर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## गीता और रामचरित मानस के आदर्शों से गूंजा गीता जयंती महोत्सव

# गीता कर्मयोग सिखाती है, रामचरित मानस मर्यादा का मार्ग दिखाती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

यह भारतभूमि है, जहाँ किसी व्यक्ति के चित्र को नहीं, उसके चरित्र को वंदन किया जाता है। गीता हमें सिखाती है कर्मण्येवाधिकारस्ते' अर्थात कर्म, कर्तव्य और सत्यनिष्ठा ही मनुष्य का वास्तविक रूप है। यही चरित्र मनुष्य को दिव्यता की ओर ले जाता है। उधर, रामचरितमानस भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र की अनुपम झांकी है। श्रीराम का जीवन बताता है कि मर्यादा ही मनुष्य के व्यक्तित्व की सबसे बड़ी शक्ति है। इसीलिए कहा गया है भारत चित्र नहीं, चरित्र की भूमि है।

यहाँ श्रीकृष्ण का उपदेश और श्रीराम का आदर्श मिलकर मनुष्य को दिव्य बनाते हैं। भारत की आध्यात्मिक परंपरा चित्र नहीं, चरित्र को सर्वोच्च मानती है। हमारे धर्मग्रंथ, गीता और रामचरित मानस इसी चरित्र-साधना के महान स्तंभ हैं। भगवद्गीता मनुष्य के भीतर स्थित कर्तव्य, सत्य, धैर्य और निष्काम कर्म का चरित्र गढ़ती है, जबकि रामचरित मानस मर्यादा, त्याग, करुणा और आदर्श व्यवहार का मूर्त स्वरूप है। भारत की संस्कृति चित्रों से नहीं, बल्कि श्रीराम के आदर्शों और कृष्ण की गीता-ज्ञानधारा से मार्गदर्शन पाती है। यही चरित्र भारत को युगों तक विश्व का मार्गदर्शक बनाता है। राष्ट्र की शक्ति चरित्र से ही प्रकट होती है। प्रवचन के दौरान क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने भी गीता महोत्सव में शामिल होकर गीता माता की आरती में सम्मिलित होकर धर्मलाभ लिया।






उक्त उदगार स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में सनातन धर्म से सेवा संस्थान के तत्वावधान में गीता जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित हो रहे पांच दिवसीय प्रवचन की श्रृंखला में शनिवार को तृतीय दिवस पर गीता मर्मज्ञ भागवताचार्य पंडित भगवान प्रसाद शास्त्री मानस रत्न ने व्यक्त किए। शास्त्री ने कहा कि निर्मल चरित्र ही मनुष्य का वास्तविक धन है, वही जीवन की रक्षा करता है, वही परमात्मा से जोड़ता है और वही जन्म-जन्मांतर की दिशा बदल देता है। शास्त्री ने समझाया कि चरित्र तब विचलित होता है जब मनुष्य धर्म से दूर और मन व बुद्धि विकारों में डूब जाती है। इसलिए गीता का संदेश है, मन को संयमित करो, बुद्धि को निर्मल बनाओ और धर्म को जीवन का केंद्र बनाओ। तभी चरित्र का प्रकाश भीतर जागता है और व्यक्ति विकारों से ऊपर उठ जाता है। मनुष्य का चरित्र यदि बिगड़ जाए तो उसका केवल इस जन्म का नहीं, जन्म-जन्मांतर का पतन हो जाता है। चरित्र का पतन आत्मा को अंधकार की ओर ले जाता है और सद्गुणों से दूर कर देता है। जीवन का यथार्थ यह है कि जिसका चरित्र निर्मल होता है, उसका मन भी निर्मल हो जाता है, और जहां निर्मलता बसती है, वहीं प्रभु का निवास होता है।

वक्ता ने स्पष्ट कहा मन निर्मल होगा तभी ईश्वर उसमें वास करेगा, तभी हर कार्य समान, संतुलित और सत्य बन सकेगा। यदि हमारे जीवन में धर्म का आधार नहीं है तो मनुष्य केवल शरीर भर रह जाता है और जब इस शरीर में सद्गुण नहीं होते तो वही शरीर पशु के समान हो जाता है। धर्म मनुष्य को मनुष्य बनाता है, और चरित्र उसे ऊँचा उठाता है। जिस व्यक्ति का चरित्र पावन और उज्ज्वल होता है, उसे संसार की कोई भी वस्तु प्राप्त हो सकती है, क्योंकि निर्मल चरित्र ही कर्मों का शोधन करता है कर्म को पवित्र बनाता है, जीवन को शांति देता है और आत्मा को प्रकाश की ओर ले जाता है। समिति के योगेश अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष गीता जयंती का आयोजन के.सी. तिवारी पूर्व मार्केटिंग समिति प्रबंधक द्वारा पत्नी स्व. शांति देवी तिवारी की पुण्य स्मृति में संपन्न कराया जा रहा है। समिति ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत गीता पर विशेष प्रवचन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 तक आयोजित किए जा रहे हैं।

# सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय में रासेयो का शिविर आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी शिव कुमारी रघुवंशी ने स्वयं सेवकों द्वारा गोद ग्राम गंज में एक दिवसीय शिविर आयोजित किया। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनामिका प्रजापति द्वारा स्वयंसेवकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया और महाविद्यालय से ग्राम गंज के अंतर्गत आने वाली बेतवा नदी के घाट तक राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयं सेवकों द्वारा रैली निकाली गई। इस दौरान स्वयं सेवक छात्राओं द्वारा घाट की साफ सफाई कर, नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनामिका प्रजापति, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमारी रघुवंशी, अनीषा भारद्वाज, निखिल शर्मा द्वारा पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की साहिबा पठान, सुमन कुशवाह, टीना महोबिया, प्रियंका दांगी, देवकी पाल, श्रद्धा दांगी, पावनी चौकसे, खुशी चौकसे, सोनिया रैकवार, अंजली कुशवाह, शिवांगी, रागिनी राजपूत, अनुराधा राजपूत, जूही राजपूत सहित अनेक स्वयं सेविकाएं शामिल रहीं। इसके साथ ही छात्राओं ने घाट पर मौजूद नागरिकों को स्वच्छता और पौधरोपण के प्रति जागरूक किया।

### बिना डिग्री चल रहा था अवैध क्लीनिक

**गंजबासौदा।** खंड चिकित्सा अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम शनिवार दोपहर उदयपुर पहुंची। टीम ने भगवान शिव मंदिर के पास संचालित एक क्लिनिक पर छापा मारा, जिसे महेश पांचाल नामक व्यक्ति चला रहा था। जांच में पाया गया कि क्लिनिक बिना किसी वैद्य डिग्री या दस्तावेज के संचालित हो रहा था। अधिकारियों ने क्लिनिक के अंदर मरीजों के उपचार के लिए बिस्तर लगे देखे, साथ ही कई प्रकार की दवाइयां भी मिलीं। डस्टबिन में इंजेक्शन और दवाओं के खाली रैपर पाए गए, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि यहां लगातार मरीजों का इलाज किया जा रहा था। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमेन्द्र तिवारी ने बताया कि क्लिनिक के अवैध संचालन की सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची थी। जांच के दौरान संचालक महेश पांचाल के पास क्लिनिक चलाने के लिए कोई वैद्य डिग्री या संबंधित दस्तावेज नहीं मिले। इन अनियमितताओं के चलते अधिकारियों की मौजूदगी में क्लिनिक को तत्काल सील कर दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार अनुराग रावत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को सांसद खेल महोत्सव क्रिकेट खेल प्रतियोगिताओं का नगर मंडल एवं ग्रामीण मंडल के तत्वावधान में शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नात्कोत्तर महाविद्यालय परिसर में शुभारंभ हुआ। जिसमें विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने सहभागिता की। इस अवसर पर भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश जादौन सहित वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता, मातृशक्ति, खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# बढ़ते अत्याचारों को लेकर शिवसेना ने दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्य प्रदेश में महिलाओं और बेटियों पर बढ़ते अत्याचारों को रोकने तथा कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग को लेकर शनिवार को दोपहर के समय शिवसेना ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम संतोष बिटोलिया को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में शिवसेना ने राज्य में अपराधों पर अंकुश लगाने और अपराधियों के बुलंद हौसलों पर लगाम कसने की अपील की। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश में आए दिन बलात्कार जैसी घटनाएं हो रही हैं, जिससे मासूम बेटियों की जान जा रही है।

संगठन ने आरोप लगाया कि इन अपराधों पर कोई अंकुश नहीं लगाया जा रहा है। शिवसेना की प्रमुख मांगों में से एक यह है कि नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म जैसे घिनौने कृत्य करने वाले अपराधियों के लिए फांसी का प्रावधान किया जाए। इसके अतिरिक्त, संगठन ने गौहरगंज में बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले अपराधी को एक माह के भीतर फांसी की सजा देने की मांग की है। ज्ञापन में नगर में मंदिरों के पास और शहर के बीचो-बीच स्थित शराब की दुकानों को तत्काल बंद करने की भी मांग की गई है।



शिवसेना ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों को जल्द से जल्द पूरा नहीं किया गया, तो शिवसेना आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान शिवसेना के बृजेंद्र सिंह लोधी, जीतू कुशवाहा सहित कई शिव सैनिक एवं नागरिक गण मौजूद थे।

## युवाओं का इंडक्शन कार्यक्रम संपन्न

# नि:शुल्क पुस्तकालय का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

एक संस्थान द्वारा युवालय एवं नि:शुल्क लाइब्रेरी के शुभारंभ के साथ युवाओं का इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह लाइब्रेरी पुराना मेला ग्राउंड नगर पालिका के पास आरंभ की गई है( कार्यक्रम में Walk-to-Run गतिविधि, ग्रुप डिस्कशन तथा "युवा कौन हैं ?" विषय पर सारगर्भित संवाद के माध्यम से युवाओं को संस्था के उद्देश्यों और कार्य प्रणाली से अवगत कराया गया। नि:शुल्क लाइब्रेरी के उद्घाटन सत्र के अवसर पर अतिथि गण नागरिक सेवा समिति अध्यक्ष कांति भाई शाह, पूर्व नपाध्यक्ष मधुलिका अग्रवाल, सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर अनामिका प्रजापति, सुरेश तनवानी नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, एलआर अहिरवार, प्राचार्य शासकीय विद्यालय गमाखर, डॉ. हरिप्रसाद सेवा सदन सेंटर, रविंद्र रघुवंशी नेत्र कैंप विदिशा सेंटर इंचार्ज प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर मुख्य रूप से उपस्थित थे। सभी अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से निःशुल्क पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया तथा युवाओं को युवालय को सशक्त रूप से आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही पुस्तकालय के संसाधनों को समृद्ध करने हेतु पुस्तकों का योगदान भी प्रदान किया गया। अतिथियों ने लाइब्रेरी संबंधित सहयोग करने का पूर्ण आश्वासन दिया। कार्यक्रम में स्वयंसेवी संस्थान की संपूर्ण टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन स्नेहा चौकसे यूथ मेंबर ने किया एवं आभार बुलबुल मौर्य ने व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्थान के सभी सदस्यगण एवं डॉक्टर सचिन अग्रवाल सहित अनेक युवाओं का सराहनीय सहयोग रहा।

# श्रीधाम दरबार में प्रतिष्ठा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राजेंद्र नगर स्थित बाबा रामदेव मंदिर श्री धाम दरबार में विभिन्न देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ शनिवार को आध्यात्मिक गरिमा और वैदिक विधानों के बीच हुआ। प्रथम दिवस पर यज्ञ में अग्नि स्थापना संपन्न हुई, जबकि गुरु गोरखनाथ परंपरा के अनुरूप अखंड धुना में अखंड अग्नि का प्रज्वलन हरि नारायण पाठक द्वारा सम्पन्न हुआ। नव दिवसीय प्रतिष्ठा महोत्सव प्रेममूर्ति पूज्य प्रेमभूषण महाराज की श्रीराम कथा के साथ चल रहा है। यज्ञाचार्य पंडित केशव शास्त्री ने बताया कि प्रतिष्ठा विधान में अधिवास की प्रक्रिया मूर्ति में देवत्व जागृत करने का मुख्य आधार है। उन्होंने समझाया कि मूर्ति को जल, अन्न, पुष्प और विभिन्न औषधियों में शयन कराकर पंचतत्वों की स्थापना की जाती है, जल अधिवास जल तत्व का आवाहन करता है। अन्न व अन्य अधिवास पृथ्वी तत्व की स्थापना करते हैं,धूप अधिवास अग्नि तत्व को जागृत करता है तथा मिष्ठान अधिवास आकाश तत्व की स्थापना करता है। इन अधिवासों से मूर्ति केवल एक शिलाखंड नहीं रहती, बल्कि उसमें दिव्य चेतना का संचार होता है। मूर्ति निर्माण के दौरान छैनी-हथौड़े से उत्पन्न तर्जन-ताड़न दोष भी औषधीय स्नान और अधिवासों से पूर्णतः शुद्ध हो जाता है। यज्ञ स्थल पर दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही। बड़ी संख्या में भक्त परिक्रमा कर यज्ञ का पुण्य अर्जित कर रहे हैं। आचार्यजी ने कहा कि यज्ञ की परिक्रमा सभी तीर्थों की परिक्रमा के समान पुण्य प्रदान करती है। यज्ञ में स्थापित कल्पवृक्ष का विशेष पूजन भी किया जाता है।

मान्यता है कि जैसे कल्पवृक्ष हर इच्छा पूरी करता है, वैसे ही यज्ञ की परिक्रमा करते समय की गई मनोकामनाएँ भी अवश्य पूर्ण होती हैं। पूरे दरबार परिसर में मंत्रोच्चार, भक्तिरस और आध्यात्मिक वातावरण से दिव्यता का अनुभव हो रहा है।

# नर्मदा परिक्रमा वासियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भक्ति दर्शन फाउंडेशन परिवार के तत्वावधान में आयोजित पंद्रह दिवसीय नर्मदा परिक्रमा के पावन पथ की तपोयात्रा पूर्ण कर नगर लौटे परिक्रमा वासियों का भव्य सम्मान समारोह शनिवार को नौलखी मंदिर में आयोजित हुआ। समारोह के दौरान विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने सभी परिक्रमा वासियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नर्मदा परिक्रमा जीवन को संयम, श्रद्धा और ईश्वर के प्रति समर्पण का मार्ग दिखाती है। जब मनुष्य तप और त्याग के साथ माता नर्मदा के तटों पर चलता है, तो उसके जीवन में एक नई आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। सभी परिक्रमा वासियों की सुरक्षित और यह आनंदमय यात्रा जीवन भर यादगार रहेगी।

नर्मदा यात्रा के संयोजक पं. भगवान प्रसाद शास्त्री ने कहा कि नर्मदा परिक्रमा केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि संपूर्ण जीवन को पवित्र बनाने वाला तप है। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन परिवार द्वारा प्रतिवर्ष यह यात्रा आयोजित की जाती है और यात्रा का यह पांचवा साल था। प्रत्येक वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। उन्होंने परिक्रमा वासियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा नर्मदा माता की इस परिक्रमा से नगर ही नहीं, समाज का आध्यात्मिक वातावरण निर्मल होता है। आप सभी ने जो तप किया है वह पूरे नगर के लिए आलोक बनकर चमकेगा। सम्मान समारोह के दौरान उत्साहित परिक्रमा वासियों ने अपने आत्मीय अनुभव साझा करते हुए बताया कि यात्रा के दौरान नर्मदा माता की कृपा ने हर बाधा को साधना में बदल दिया। नौलखी मंदिर में चल रहे गीता जयंती सप्ताह के आध्यात्मिक वातावरण में यह सम्मान समारोह और भी प्रेरक बन गया। अंत में भक्ति दर्शन फाउंडेशन परिवार ने सभी परिक्रमा वासियों के मंगलमय जीवन की कामना करते हुए नगरवासियों से आग्रह किया कि वे भी नर्मदा माता की इस पावन परंपरा से जुड़कर अपने जीवन को धन्य बनाएं। कार्यक्रम का संचालन सनातन धर्म सेवा संस्थान के अध्यक्ष राजेश माथुर ने किया।



## खबर संक्षेप

### खंडवा एसपी के प्रतिवेदन पर शस्त्र लाइसेंस निलंबित

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने खंडवा एसपी के पालन प्रतिवेदन पर एक शस्त्र लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। का कलेक्टर ने खंडवा एसपी के प्रतिवेदन पर खंडवा जिले के नर्मदानगर थाना में दर्ज अपराध का आरोपी लाखन सिंह मीणा पुत्र भोलाराम मीणा उम्र 55 साल निवासी गांधी नगर थाना करारिया चौराहे का शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिया है। आरोपी के पास एक 315 बोर रायफल थी जिसका शस्त्र लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। शस्त्र पूर्व से थाना नर्मदानगर जिला खंडवा में जमा है।

### पुलिस ने 2 नाबालिग को खोज निकाला

**विदिशा।** ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत थाना सिविल लाइन पुलिस ने दो नाबालिग अपहता बालिकाओं को सकुशल बरामद कर लिया है। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में चल रहे इस अभियान के तहत शेरपुरा से 16 वर्षीय तथा हरिपुरा से 17 वर्षीय बालिका को खोजने जांच शुरू की गई। सतत प्रयासों के बाद शनिवार को एक बालिका को भोपाल से तथा दूसरी को बिलासपुर से दस्तयाब कर लिया गया। वैधानिक कार्यवाही पूर्ण कर दोनों बालिकाओं को सुरक्षित रूप से परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### नरवाई प्रबंधन का अभियान हो रहा सार्थक

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा संचालित नरवाई प्रबंधन अभियान का सार्थक प्रभाव दिखने लगा है। विकासखंड नटेरन के उपसरपंच एवं प्रगतिशील किसान यशपाल रघुवंशी ने लगातार दूसरे वर्ष सुपर सीडर से गेहूं की बुवाई कर आधुनिक तकनीक को बढ़ावा दिया है। क्षेत्रीय कृषि अधिकारी शालिनी रघुवंशी के कृषि संकल्प अभियान तथा जागरूकता कार्यक्रमों से किसानों में नई तकनीक के प्रति भरोसा बढ़ा है। रघुवंशी ने किसानों से सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, रोटावेटर जैसे यंत्र अपनाने की अपील की, ताकि नरवाई जलाने की प्रवृत्ति खत्म हो, लागत घटे, मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़े और पर्यावरण संरक्षण को बल मिले।

### दो नई महत्वपूर्ण सुविधाएं जोड़ी गई

**विदिशा।** किसानों की सुविधा और पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से ई-विकास पोर्टल में दो नई महत्वपूर्ण सुविधाएं जोड़ी गई हैं। जिला विपणन अधिकारी राखी रघुवंशी ने बताया कि अब किसान उर्वरक गणना के दौरान छूटे हुए खसरों को सक्रिय टोकन समाप्त होने पर दोबारा जोड़ सकेंगे और पुनः गणना कर पाएंगे। दूसरी सुविधा के तहत किसान पहले लिए गए विकल्प की संपूर्ण उठाव प्रक्रिया पूर्ण होने पर अतिरिक्त उर्वरक भी प्राप्त कर सकेंगे। यह अतिरिक्त उर्वरक का लाभ केवल एक बार ही उपलब्ध होगा। इन दोनों सुविधाओं से किसानों को उर्वरक गणना और उपलब्धता में अधिक सरलता और सुविधा मिलेगी।

### 96% खाद वितरण ई टोकन के माध्यम से

**विदिशा।** जिले ने कलेक्टर अंशुल गुप्ता के नेतृत्व में ई-टोकन व्यवस्था के क्रियान्वयन में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। एग्रीस्टैक पोर्टल पर किसानों की फार्मर आईडी और रकबा अपडेट न होने से चुनौतियां थीं, परंतु कलेक्टर द्वारा व्यक्तिगत निगरानी और सभी तहसीलदारों-पटवारियों को मिशन मोड में कार्य के निर्देश देने से हालात तेजी से सुधरे। जिले ने 96 प्रतिशत खाद वितरण ई-टोकन के माध्यम से सुनिश्चित कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विदिशा की इस सफलता से प्रभावित होकर शाजापुर जिले की टीम ने यहां आकर पूरी कार्यप्रणाली समझी। अब विदिशा पूरे प्रदेश के लिए रोल मॉडल बन गया है।

### मनसापूर्ण हनुमान मंदिर में हुआ भंडारा

**विदिशा।** पुराना कोर्ट परिसर स्थित मनसा पूर्ण हनुमान मंदिर में पिछले 10 वर्षों से चल रहे सुदरकांड पाठ के समापन एवं 11वें वर्ष में प्रवेश के उपलक्ष्य में शनिवार को भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में शहर की तमाम मानस मंडलियों सहित साधु-संत पहुंचे। वरिष्ठ अधिवक्ता लक्ष्मीनारायण दंडोतिया ने बताया कि भंडारा सुबह 11.30 बजे प्रारंभ हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की।

---

### गुलाबगंज थाने में नहीं हुई सुनवाई, अस्पताल में भी इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप

# प्लॉट पर कचरा फेंकने पर लाठी-फरसा और तलवार से हमला, महिलाओं समेत 8 घायल

***गुलाबगंज में पुरानी रंजिश और प्लॉट पर कचरा फेंकने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोपियों ने लाठी फरसा और तलवारों से हमला कर दिया। घटना में एक ही परिवार की महिलाओं सहित 8 लोग घायल हो गए। पीड़ितों का आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते उनके घर में घुसकर हथियारों से हमला किया गया।***

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

गुलाबगंज में शुक्रवार रात करीब 8 बजे पुराने विवाद को लेकर कुछ लोगों ने एक ही परिवार की महिलाओं सहित 8 सदस्यों पर डंडों, फरसा व तलवार से हमला कर दिया। सभी घायल शनिवार को शिकायत लेकर जिला मुख्यालय पहुंचे।

सीएसपी अतुल सिंह को पूरी घटना से अवगत कराया। पीड़ितों का आरोप है कि बीजेपी नेता के भतीजों ने विवाद के चलते घर में घुसकर मारपीट की। पीड़ितों ने बताया कि गुलाबगंज थाना पुलिस ने उनकी शिकायत गंभीरता से नहीं सुनी, जिसके बाद वे एसपी कार्यालय पहुंचे। जानकारी मिलते ही सीएसपी अतुल सिंह मौके पर पहुंचे, घायलों से चर्चा की और उनका इलाज कराया। उन्होंने कोतवाली व गुलाबगंज पुलिस को मौके पर बुलाकर हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई तथा निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया। विवाद की शुरुआत प्लॉट पर कचरा फेंकने को लेकर विवाद हुआा और हिंसक रूप ले लिया। इस घटना में एक ही परिवार की महिलाओं सहित आठ लोग घायल हो गए। पीड़ितों का आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते उनके घर में घुसकर हथियारों से हमला किया गया। पीड़ित परिवार ने बताया कि प्लॉट पर कचरा फेंकने को लेकर पहले भी विवाद हो चुका था। शुक्रवार को जब परिवार की महिलाएं कचरा फेंकने गईं, तो आरोपियों ने उन्हें रोक दिया। इसी बात पर कहासुनी हुई, जिसके कुछ देर बाद हमलावर एकजुट होकर उनके घर पहुंच गए। घायलों के अनुसार मनोज उपाध्याय, बंटी उपाध्याय, सौरभ उपाध्याय, छोटू उर्फ योगी उपाध्याय सहित कई अन्य लोगों ने मिलकर लाठी, फरसा और धारदार हथियारों से हमला किया। इस हमले में महिलाएं सहित आठ लोग घायल हो गए। पीड़ितों का आरोप है कि हमलावर भाजपा नेता का नाम लेकर उन्हें धमकाते हैं। परिवार का कहना है कि घटना के तुरंत बाद गुलाबगंज थाने पहुंचने पर उनकी सुनवाई नहीं हुई और अस्पताल में भी प्राथमिक इलाज में लापरवाही बरती गई। इस झगड़े में बच्चियों के साथ बुरी तरह मारपीट की गई।

**पुरानी रंजिश को लेकर हुआ विवाद सभी घायल एक ही परिवार के**



विदिशा। एक घायल युवती के दोनों पैर तोड़ दिए, परिवार के लोग कंधों के सहारे एसपी कार्यालय लेकर पहुंचे।





#### पीड़ित बोलेः सिर पर फरसा मारा गया

घायल खुशी कुशवाह ने बताया कि कचरा फेंकने की बात पर विवाद शुरू हुआ था। इसके बाद मनोज, बंटी और छोटू उपाध्याय सहित अन्य लोगों ने आकर हमला कर दिया और उनके सिर पर फरसा मारा गया। वहीं निकिता ने आरोप लगाया कि गुलाबगंज में हमलावरों की दबंगई चलती है। घर में घुसकर हमला किया गया, लेकिन थाने और अस्पताल दोनों जगह उनकी बात नहीं सुनी गई। सीएसपी अतुल सिंह ने एसपी कार्यालय पहुंचकर घायलों से चर्चा की है। निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

---

## विकास की लड़ाईः जनता से समर्थन पत्र भरवा रहे पार्षद

### 18 दिन बीत जाने के बाद भी धरने पर बैठे पार्षदों की समस्या व मांगों को किया जा रहा नजर अंदाज



विदिशा। पार्षदों के आंदोलन को समर्थन देते वरिष्ठ भाजपा नेता बाबूलाल ताम्रकार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

विकास कार्यों की उपेक्षा और नगरपालिका में भ्रष्टाचार व मनमानी के विरोध में पिछले 18 दिनों से भाजपा के पार्षद धरने पर बैठे हुए हैं, लेकिन उनकी मांगों को नजरअंदाज किया जा रहा है। न तो प्रशासन उनकी सुन रहा न ही कोई जिम्मेदार पार्षदों से मिलने पहुंचा। अपनी मांगों को लेकर पार्षद अब जनता से समर्थन मांग रहे हैं, इसके लिए उन्होंने बकायदा एक समर्थन पत्र भी छपवाया है। शनिवार को पार्षद शहर के बुद्धिजीवियों और व्यापारियों के पास पहुंचे और समर्थन पत्र भरवाए। पार्षदों को जनता का भी समर्थन मिल रहा है। क्योंकि पार्षदों की जो मांगे हैं वह जनता के हित में हैं। पार्षदों ने 10 प्रमुख मांगें रखी हैं।

#### पार्षदों ने कहाः विकास के लिए लड़ते रहेंगे

धरने पर बैठे पार्षद धर्मेंद्र सक्सेना ने कहा कि हम 18 दिनों से बैठे हैं, लेकिन कोई अधिकारी या जनप्रतिनिधि हमारी सुध लेने नहीं आया। इसलिए अब हम शहर की समस्याओं को लेकर जनता के पास जा रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि पहले 19 पार्षद इस आंदोलन में शामिल थे, लेकिन दबाव के कारण कई पीछे हट गए। अब बचे हुए 6 पार्षद डरेंगे नहीं और जब तक जान है, शहर के विकास के लिए लड़ते रहेंगे। पार्षद जमना कुशवाह ने इस बात पर जोर दिया कि वे सिर्फ विकास की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा जो भी शहर के हित में हमारे साथ आना चाहता है, उसका स्वागत है।

---

## अमानक घोषित हुई आयुर्वेद औषधियों को मेडिकल स्टोर से हटाएं नहीं तो होगी कार्रवाई

### कफ कुठार रस और लक्ष्मी विलास रस अमानक घोषित

> प्रवाल पिष्टी, मुक्ता शुक्ति, गिलोय सत्व और कामदूधारस औषधियां अमानक पाई गई हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

संचालनालय आयुष के निर्देश पर कराई गई जांच में 6 प्रकार की आयुर्वेद औषधियां अमानक पाई गई हैं। जांच के दौरान कफ कुठार रस, लक्ष्मी विलास रस (नारदीय), प्रवाल पिष्टी, मुक्ता शुक्ति, गिलोय सत्व और कामदूधारस औषधियां अमानक पाई गई हैं। जिला आयुष अधिकारी पदेन ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि विदिशा जिले में संचालित सभी मेडिकल स्टोर्स संचालकों को निर्देशित किया गया है कि दी गई अमानक घोषित आयुर्वेद औषधियों को वह अपने स्टोर से हटा दें। स्टोर से उक्त दावाओं को न हटाए जाने पर संबंधित फर्म और मेडिकल स्टोर्स के विरुद्ध अनुशासनात्मक, विधिक कार्रवाई की जाएगी। सभी मेडिकल स्टोर यह सुनिश्चित करेंगे कि उपरोक्त दवा तत्काल स्टॉक से हटाई जाए तथा भविष्य में केवल मानक एवं अनुमोदित आयुष औषधियों का ही भंडारण और विक्रय करें।

### स्कूल के छात्रों ने किया एसएटीआई का भ्रमण

**शमशाबाद।** पीएमश्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शमशाबाद के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं हार्डवेयर ट्रेड के कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों ने संस्था के प्राचार्य आशीष सक्सेना के मार्गदर्शन में एसएटीआई डिग्री कॉलेज का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान संस्था के डायरेक्टर योगेंद्र सिंह जैन के निर्देशन में प्रो. डॉ. जितेंद्र कुमार टांडेकर एवं प्रो. दीपिका जैन ने छात्रों को इलेक्ट्रॉनिक्स से संबंधित तकनीकी जानकारी विस्तृत रूप से प्रदान की। इसके अलावा जेपी शाक्य और एसके महाजन ने विभिन्न ट्रेड की प्रयोगशालाओं का भ्रमण कराते हुए मशीनों की कार्यप्रणाली से छात्रों को अवगत कराया। निखिल मोहन व्यास ने छात्रों को करियर मार्गदर्शन भी दिया। इस अवसर पर व्यावसायिक प्रशिक्षक आकाश सोनी सहित शिक्षक विनोद धाकड़, अंकित धाकड़ एवं संजू धाकड़ उपस्थित रहे।

## वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समाज व राष्ट्र के कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं छात्रः टंडन

### जादू नहीं विज्ञान है जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

पीएमश्री महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जादू नहीं विज्ञान है समझना आसान है जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मुकेश टंडन ने किया। इस दौरान डीईओ एसपी सिंह जाटव तथा विद्यालय प्राचार्य डॉ. दीप्ति शुक्ला उपस्थित रहीं।

विधायक मुकेश टंडन ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि छात्र अपनी क्षमता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समाज एवं राष्ट्र के कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विज्ञान नाटिका एवं वैज्ञानिक प्रयोगों के माध्यम से अंधविश्वास, तांत्रिक क्रियाएं एवं सामाजिक कुरीतियों के पीछे छिपे वैज्ञानिक कारणों को सरल ढंग से समझाया। विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता में प्रथम शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, गंजबासौदा, द्वितीय शासकीय हाई स्कूल, हैदरगढ़ (ग्यारसपुर), तृतीय शासकीय हाई स्कूल, जोहद (नटेरन) रहे। जादू नहीं विज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम शासकीय सांदीपनि विद्यालय, कुरवाई, द्वितीय पीएमश्री एमएलबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, विदिशा, तृतीय शासकीय सांदीपनि विद्यालय सिरोंज रहे।



### सेंटमेरी हायर सेकंडरी स्कूल में दो दिवसीय एपेस्टिमी प्रदर्शनी लगी

**विदिशा।** सेंट मेरी हायर सेकंडरी स्कूल में आयोजित दो दिवसीय एपेस्टिमी–2025 कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का समापन शनिवार को हुआ। अंतिम दिन उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ विभिन्न श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को सम्मानित किया गया। संचालन दीपा राठौर एवं मोनिका ने किया तथा आभार छात्र अध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा ने व्यक्त किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. नवीन गोयल प्राचार्य सम्राट अशोक टेक्निकल कॉलेज पोलिटेक्निक, पार्षद गीतांजलि डोगर सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह डोंगर, संस्था प्रबंधक फादर सीज, प्राचार्य सिस्टर थेरेसा एवं सिस्टर राजेश्वरी उपस्थित रहे।

---

## कैलाश अहिरवार हत्याकांडः अभियोजन पक्ष आरोप सिद्ध करने में विफल,साक्ष्यों के अभाव में सभी 6 आरोपी बरी

***कैलाश अहिरवार हत्याकांड में चतुर्थ श्रेणी अपर सत्र न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए सभी छह आरोपियों को बरी कर दिया है। इस मामले में बचाव पक्ष की ओर से पैरवी अधिवक्ता आशीष श्रीवास्वत ने की।***

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

जिले के बहुचर्चित कैलाश अहिरवार हत्याकांड में शुक्रवार को बड़ा फैसला आया है। चतुर्थ श्रेणी अपर सत्र न्यायाधीश राजेश शर्मा ने अपने महत्वपूर्ण निर्णय में सभी छह आरोपियों को बरी कर दिया। न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि अभियोजन पक्ष आरोप सिद्ध करने में पूरी तरह विफल रहा है, जिसके चलते आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए रिहा किया जाता है। मामले में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता आशीष श्रीवास्तव ने प्रभावी व विस्तृत पैरवी की। उन्होंने पुलिस जांच में मौजूद खामियों, साक्ष्यों के विरोधाभास और कॉल रिकॉर्डिंग की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न उठाए।


अदालत ने इन दलीलों को महत्वपूर्ण मानते हुए कहा कि मात्र संदेह के आधार पर किसी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। गौरतलब है कि कैलाश अहिरवार ने कुछ समय पहले पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। उसके बाद उनका शव चिरोंदा पहाड़ी क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। मृतक के भाई द्वारा पुलिस को सौंपी गई कथित कॉल रिकॉर्डिंग के आधार पर पत्नी सुरभि, ससुर दया सिंह, सास श्याम बाई, साला संस्कार, तथा विनीता और संगीता को गिरफ्तार कर हत्या, सबूत छिपाने और साजिश सहित कई धाराओं में आरोपी बनाया गया था। अदालत ने कहा कि रिकॉर्डिंग और अन्य प्रस्तुत साक्ष्य अपर्याप्त, अप्रमाणित और अविश्वसनीय हैं। यह चर्चित मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है।

## इंटर स्कूल लोक नृत्य प्रतियोगिता में ओलंपस स्कूल की टीम ने विशेष पुरस्कार हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

सीहोर के आईईएस पब्लिक स्कूल में आयोजित इंटर स्कूल लोक नृत्य प्रतियोगिता में विदिशा की ओलंपस हाई स्कूल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विशेष पुरस्कार हासिल किया। प्रतियोगिता में भोपाल संभाग के कई सीबीएसई और राज्य बोर्ड के स्कूलों ने भाग लिया।

विद्यालय की प्राचार्य प्रियंका सिंह ने बताया कि डांस शिक्षक राज कुशवाह के निर्देशन में छात्राओं ने महाराष्ट्र के पारंपरिक 'आमही शेतकारी' नृत्य की प्रभावशाली प्रस्तुति दी, जो किसानों के जीवन, उनकी मेहनत और संघर्ष को दर्शाता है। बच्चों की मार्मिक व ऊर्जावान प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। उनकी मेहनत और आकर्षक प्रस्तुति को देखते हुए निर्णायक मंडल ने टीम को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया। बच्चों की इस उपलब्धि पर स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी और प्राची रघुवंशी ने बधाई दी है।



---

### लापता नाबालिग को खोजकर परिजनों को सौंपा

**विदिशा।** गंजबासौदा शहर पुलिस ने 16 वर्षीय लापता बालिका को सकुशल बरामद कर लिया। 24 अक्टूबर को नाबालिग के बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। थाना प्रभारी संजय वेदिया के नेतृत्व में टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर की गई सतत तलाश के बाद 29 नवंबर को बालिका मिली। न्यायालयीन प्रक्रिया के पश्चात उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### गर्भवती की डिलीवरी के लिए रोकी ट्रेन, सुरक्षित प्रसव कराया

**विदिशा।** शुक्रवार रात लगभग 10:15 बजे बासौदा रेलवे स्टेशन पर मुंबई जाने वाली एक ट्रेन को उस समय तत्काल रोका गया जब उसमें यात्रा कर रही एक गर्भवती महिला को अचानक तेज प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए रेलवे अधिकारियों ने तुरंत स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही मैटरनिटी स्टाफ और जननी एक्सप्रेस को तुरंत रेलवे स्टेशन भेजा गया। स्वास्थ्य टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए ट्रेन की बोगी में ही सुरक्षित प्रसव कराया।

### बेतवा नदी उदगम स्थल को पुनर्जीवन करने सतत प्रयासों की नई रूपरेखा

## जल संरक्षक आबिद सुरती 3 दिवसीय प्रवास पर, बेतवा नदी के उदगम स्थल व चेक डैमों का होगा पुनः निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

बेतवा नदी के उद्गम स्थल को पुनर्जीवित करने के लिए जारी सामूहिक प्रयासों को नई दिशा देने की तैयारी शुरू हो गई है।

गत वर्ष बनाए गए 55 चेक डैमों से उद्गम स्थल पर पानी रुका और धारा पुनर्जीवित हुई थी, किंतु अब उसका प्रवाह पुनः क्षीण होने लगा है। नदी को सदानीरा बनाने के लक्ष्य के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इसी क्रम में 29 नवंबर को गांधीवादी चिंतक आरके पालीवाल और डॉ सुरेश गर्ग, प्रो अरिवंद द्विवेदी सहित अन्य झिरी पहुंचे। वहीं प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट, लेखक, जलसंरक्षक आबिद सुरती 1 से 3 दिसंबर तक प्रवास पर रहेंगे। उनके साथ आगामी रणनीति पर 3 दिसंबर को कोलार रोड स्थित ग्राम सेवा समिति कार्यालय में बैठक आयोजित की जाएगी।





### नॉन एक्टिव खातों में 47 करोड़ फंसे जल्द राशि लौटाई जाएगी

**विदिशा।** जिले के विभिन्न बैंकों में एक चौंकाने वाली वित्तीय स्थिति सामने आई है, जहां लगभग 47 करोड़ रुपए हजारों नॉन एक्टिव खातों में पड़े हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के 'आपकी पूंजी आपका अधिकार' अभियान के तहत आयोजित एक बैठक में यह खुलासा हुआ। इन खातों में लंबे समय से कोई लेन-देन नहीं हुआ है, जिस पर अपर कलेक्टर अनिल डामोर ने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने बैंकों को तुरंत ऐसे खातों को सक्रिय करने के निर्देश दिए हैं। लीड बैंक अधिकारी के अनुसार, इस राशि में डीईएएफ खातों में 4.79 करोड़, संस्थागत खातों में 4.97 करोड़, और आम लोगों के निजी खातों में सर्वाधिक 37.57 करोड़ शामिल हैं। अग्रणी बैंक प्रबंधक ने जिले के सभी लोगों से विशेष अपील की है कि बंद पड़े खाते में राशि है तो तुरंत अपनी संबंधित बैंक शाखा से संपर्क करें।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, श्रीमति रजनी शर्मा पत्नि श्री ब्रजमोहन शर्मा निवासी बालाजी मार्ग विदिशा के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक मकान वार्ड नंबर 14 मोहल्ला कायस्थपुरा द्वारकाधीश मंदिर के पास विदिशा में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 391 वर्ग फीट यथा 36.338 वर्ग मीटर है जिसका नजूल विभाग शीट नं. 11 डी आराजी क्रमांक 1003 भूखंड क्रमांक 169 है जिसकी चर्तुसीमाये पूर्व में- मकान रामस्वरूप सोनी, पश्चिम में- मकान भमरलाल, उत्तर में- गली आम व मकान गोपीलाल काछी तथा दक्षिण मे- मकान शशि बाई है उक्त मकान को श्रीमति रजनी शर्मा ने ई विक्रय पत्र क्रमांक MP452732016A1176776 दिनांक 25-03-2016 के द्वारा श्रीमति विमला बाई पत्नि स्व. पतिराम सेन से क्रय किया था। उक्त मूल विक्रय पत्र कही गुम हो गया है जिसकी सूचना श्रीमति रजनी शर्मा ने कोतवाली थाना विदिशा में लिखित रूप से दिनांक 03.11. 2025 को कर दी हैं।

कि अब श्रीमति रजनी शर्मा पत्नि श्री ब्रजमोहन शर्मा ने उक्त मकान को विक्रय करने का अनुबंध गनेशराम पुत्र श्री ओमप्रकाश तिवारी निवासी ग्राम रावन से दिनांक 05-11-2025 को किया है व गनेशराम पुत्र श्री ओमप्रकाश तिवारी उक्त मकान पर Hinduja Housing Finance Ltd. विदिशा से ऋण प्राप्त कर उक्त संपत्ति को बंधक रख रहे है। अत एव इस सार्वजनिक सूचना के द्वारा सूचित किया जाता है कि, उक्त मकान को विक्रय किये जाने में एवं बंधक किये जाने में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक आदि को किसी प्रकार की स्वामित्व विषयक, देयता विषयक, बंधक विषयक, अधिकार विषयक आपत्ति हो अथवा अन्य कोई कर्ज हो तो वह इस प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर कायार्लीन समय में मेरे कार्यालय में आपनी आपत्ति लेखी प्रस्तुत करे । उक्त अवधि के पश्चात अनुबंधग्रहीता के पक्ष में विक्रयपत्र संपादित करा दिया जावेगा ऐसी दशा में किसी की, किसी भी प्रकार की आपत्ति या अधिकार मान्य नही होगा सूचित हो ।

भवदीय नीरज जैन एडवोकेट
कार्यालय खरीफ फाटक के बाहर वार्ड नं. 30,
पीतल मिल चौराहा के पास विदिशा मो. 9827543733



## पूरे सालभर में सिर्फ दो दिन दर्शनार्थ रखे जाते हैं पवित्र अस्थि कलश

# 73 वर्ष पहले सर्वप्रथम श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने सिर पर रखे थे पवित्र अस्थि कलश : प्रहलाद पटेल

**महाबोधि मेले के प्रथम दिवस हुए कई सांस्कृतिक कार्यक्रम**

**रविवार को श्रीलंका की ललिता गोमरा व कलाकार लोकनृत्य एवं गायन से श्रीलंका की संस्कृति को मंच पर करेंगे आविर्भूत, कवि सम्मेलन में कई राष्ट्रीय कवि करेंगे शिरकत**

**महाबोधि महोत्सव मेले में आज शिरकत करेंगे देश - विदेश के बौद्ध अनुयायी, पर्यटक भी होंगे शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

बौद्ध अनुयायियों के लिए सांची भारत का ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व का महत्वपूर्ण स्थल है। सर्वप्रथम इन पवित्र कलशों को 1952 में 30 नवंबर को श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने पहली बार अपने सिर पर उठाया था। उनके साथ प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू एवं वर्मा के प्रधानमंत्री मौजूद थे। उनके लिए यह दिन महत्वपूर्ण होगा, जो दर्शन के लिए यहां आएंगे। यह बात महाबोधि महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल ने कही। उन्होंने कहा कि सांची बौद्ध अनुयायियों के लिए विश्व का एकमात्र स्थल है, जो शांति का संदेश देता है।




दो दिन तक चलने वाले सांची महाबोधि महोत्सव का शुभारंभ शनिवार की सुबह पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल और सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, श्रीलंका महाबोधि सोसायटी के वानगल उपतिस्स नायक थैरो एवं अन्य अतिथियों द्वारा किया।

सर्वप्रथम भगवान बुद्ध के परम शिष्य सारिपुत्र एवं मोग्गलान के पवित्र अस्थि कलशों को तलघर से निकाला गया तथा उन्हें पूजा स्थल पर रखा गया, जहां उनकी अतिथियों द्वारा विधिविधान से पूजन अर्चन की गई, जिसके बाद कलशों को दर्शनार्थ रखा गया। इस अवसर पर श्रीलंका से आए लोक कलाकार वाद्यंत्रों के साथ नृत्य करते हुए शामिल हुए, इनके पीछे बौद्ध भिक्षु कतारबद्ध चल रहे थे। शनिवार को दिनभर बौद्ध अनुयायियों द्वारा कलशों के दर्शन किए।

### सांची 'भारत की संस्कृति' को विदेशों में पहुंचाने में महत्वपूर्ण

श्रीलंका महाबोधि सोसायटी के वानगल उपतिस्स नायक थैरो ने कहा कि सांची भारत की संस्कृति को विदेशों में पहुंचाने में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यहीं से भारत की संस्कृति और धर्म विदेश तक गए हैं। आज रविवार को मेले के दूसरे दिन भारत के कई प्रदेशों के बौद्ध अनुयायियों के अलावा विदेशी पर्यटक भी शामिल होंगे।



---

## जनआक्रोश रैली में उमड़ा जनसैलाब, सभी ने एक सुर में उठाई सलमान को फांसी की सजा की मांग

### सकल हिन्दू समाज की 'जनआक्रोश रैली' में शामिल महिलाओं ने कहा-

# बिटिया हम शर्मिंदा हैं, तुम्हारा दरिंदा अभी जिंदा है

- जनआक्रोश रैली में जुटा जिलेभर से सकल हिन्दू समाज का जनसैलाब
- महिलाओं एवं छात्राओं ने आगे आकर की फांसी की मांग
- आरोपी सलमान का जलाया पुतला, जमकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

गौहरगंज में हुई हृदय विदारक घटना के विरोध में आरोपी सलमान को मौत की सजा देने के लिए शनिवार को शहर के गर्ल्स स्कूल ग्राउंड में जिलेभर के सकल हिंदू समाज के बैनर तले जनाक्रोश रैली और आमसभा का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, छात्राएं, युवा बुजुर्ग हिंदूवादी संगठनों के नेता कार्यकर्ता शामिल हुए।

इस विरोध प्रदर्शन में हाथों में तख्ती थामे दरिंदे सलमान को फांसी की सजा दो के नारे लगाते हुए स्कूली छात्राएं एवं महिलाएं चल रहीं थीं। 'बिटिया हम शर्मिंदा है तुम्हारा दरिंदा अभी जिंदा है' बोलते हुए भोपाल तिराहे पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने नरपिशाच सलमान का पुतला फूंका एवं राष्ट्रपति के नाम एसडीएम मनीष शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। इस जनाक्रोश धरना विरोध प्रदर्शन में बद्री प्रसाद पाराशर, मनोहर मेहरा, ब्रजेश चतुर्वेदी, राजकुमार यादव, राहुल परमार, रवि खत्री, राजीव तिवारी, गोविंद गौर, जमना सेन, राकेश तोमर, प्रतिभा शुक्ला, वर्षा लोधी, हेमलता रघुवंशी, सरोज रघुवंशी, कृष्णा ठाकुर सहित सकल हिन्दु समाज मौजूद रहा।





**पाश्चात्य संस्कृति युवा पीढ़ी के लिए है घातक**

*समाजसेविका प्रिया शुक्ला ने जनआक्रोश रैली में युवाओं से आग्रह किया कि देश में बढ़ती घातक पाश्चात्य संस्कृति का परित्याग करें। सकल हिंदू समाज जागो भारतीय संस्कृति आदि सनातन धर्म शास्वत हैं। भारतीय संस्कृति शिक्षा दीक्षा नैतिक संस्कार को हम कहीं ना कहीं भूलते जा रहे है ।हमें संस्कारों का हमेशा स्मरण रखना होगा। कई अनेक नारियों ने इस घटना से सौगंध ली है कि अब नन्ही बच्चियों के लहू को बिल्कुल बहने नहीं दिया जाएगा। बेटियों बहनों के रक्त बह रहे हैं जो गंगा में समाहित हो रहे हैं ।जो आज के इस युग में सरासर गलत है और जब जब धर्म की हानि होती तब तब भगवान देवियां धरती पर अवतरित हो कर राक्षसों का अंत करते हैं। अब है समय का चक्र काल नजदीक आ चुका है। आज की नारी अबला नहीं सबला बन चुकी हैं।*

### सलमान को मिले फांसी की सजा

*मुख्य वक्ता प्रिया शुक्ला ने जनाक्रोश रैली धरने को संबोधित करते हुए कहा कि दरिंदे सलमान को निश्चित रूप से फांसी की सजा मिलना चाहिए। क्योंकि उसने नन्ही सी जान को दरिंदगी का शिकार बनाया था। उसकी पीड़ा को फिलहाल बखान नहीं किया जा सकता। उसे भी तिल तिल तड़प तड़प कर मरने की सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने आग्रह करते हुए कहा कि भारतवर्ष के नागरिक देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, आमजनों, सनातनियों , जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से है कि निवेदन है कि जिहादी सलमान को कठोरतम सजा दी जाए।*

### जिहादियों को सबक सिखाना जरूरी

इस अवसर पर संत मणि दास महाराज ने कहा कि समाज में गली-गली नर पिशाच जिहादी घूम रहे हैं। अब वह समय आ चुका है हिंदुओं एकजुट हो इन्हें सबक सिखाना जरूरी हो गया। नारे लगाना एक ही अलग बात है लेकिन आज नारा लगाने का नहीं है अब जिस प्रकार से नारे को संहार तक साकार करने का है।

### विरोध में हाथों में थामी तख्तियां

*जनाक्रोश रैली में स्कूली छात्राएं कॉलेज की छात्राएं महिलाओं ने भी हिस्सा लिया। इस विरोध प्रदर्शन में वह हाथों में तख्तियां लिए जमकर जिहादी सलमान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चल रही थी। तख्तियों में नन्हीं बिटिया हम शर्मिंदा है तुम्हारा दरिंदा अभी जिंदा है। जिहादी सलमान को फांसी दो फांसी दो। इसके पूर्व युवा हिंदू संगठन के दीपक ठाकुर, राहुल बेदी संगठन के युवाओं ने भी गौहरगंज के जिहादी सलमान के पुतले को लेकर नारेबाजी की। बाद में पुतले की दुर्गती करते जूते चप्पलों से पिटाई की।*

## महिलाओं एवं छात्राओं ने एक सुर में कहा- दरिंदे को मिलें सिर्फ सजा-ए-मौत

### ऐसा सबक सिखाएं कोई भी ऐसा दुराचार करने की न सोचे



सलमान जैसे नरपिशाच को जीने को काई हक नहीं है। मैं सरकार से मांग करती हूँ कि उसे जनता के हवाले कर देना चाहिए, ताकि जनता दरिंदे को ऐसा सबक सिखाए कि कोई भी किसी की अस्मिता भंग करने की जहमत न उठा सके।

**- मंजू कुशवाह**, पूर्व नपाध्यक्ष

### ऐसे नरपिशाच को दुनिया में रहने का कोई अधिकार नहीं



सलमान ने गौहरगंज की नन्हीं सी परी के साथ जो बर्बरता पूर्ण दुराचार किया है, वह माफी योग नहीं है। पुलिस को उसे पकड़ कर एनकाउंटर कर देना चाहिए था। अभी भी मौका है ऐसे व्यक्ति को दुनिया में रहने का कोई अधिकार नहीं है। **- प्रिया**, छात्रा।

### आरोपी सलमान को बीच चौराहे पर मिले सजा-ए-मौत



आरोपी सलमान ने जैसा छोटी सी बेटी को तड़पाया है, वैसे ही उसे भी तड़पा तड़पा कर खुलेआम चौराहे पर सजा ए मौत मिलना चाहिए, जिससे कि अन्य दुष्कर्मियों को भी सबक मिल सके।

**- सुनीता सिलावट**, छात्रा।

### दानव रूपी सलमान को मिले सिर्फ और सिर्फ फांसी की सजा



गौहरगंज में हुई घटना दिल को दहलाने वाली है, ऐसे मानव के रूप में दानव रूपी सलमान को सिवाय फांसी की सजा के और कोई विकल्प सरकार को नहीं रखना चाहिए। जल्द से जल्द फांसी हो।

**- अंकिता धुर्वे**, छात्रा।

---

## मां नर्मदा को स्वच्छ और निर्मल बनाने चल रही नर्मदा परिक्रमा

**विकास की अंधी दौड़ में भूले अपना भला बुरा पूज्य नर्मदानंद महाराज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

ओंकारेश्वर से प्रारंभ हुई नर्मदा परिक्रमा यात्रा का मां नर्मदा के उत्तर तट स्थित नर्मदा मैया सेवा आश्रम में आगमन हुआ। पूज्य नर्मदानंद महाराज के साथ लगभग 25 लोग मां नर्मदा को स्वच्छ और जलधारा को निर्मल बनाए रखने नर्मदा परिक्रमा कर रहे हैं। नर्मदा किनारे स्थान स्थान पर पौधरोपण भी किया जा रहा है।

नजर निहाल आश्रम ओंकारेश्वर के अवधूत पूज्य नर्मदानंद महाराज एवं अन्य परिक्रमा वासियों का किरार समाज के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नर्मदा मैया सेवा आश्रम के संचालक शिवाजी पटेल द्वारा अपने साथियों के साथ नर्मदा परिक्रमा वासियों का आत्मीय स्वागत किया। पूज्य नर्मदानंद महाराज ने चर्चा करते हुए कहा कि मां नर्मदा के प्रति श्रद्धा भाव पर्यावरण एवं वातावरण को स्वच्छ बनाए रखना नर्मदा परिक्रमा की जा रही है।

### स्वच्छ निर्मल हो नर्मदा मैया

नर्मदानंद ने कहा कि मां नर्मदा को मध्य प्रदेश की जीवनदायनी माना जाता है। नर्मदा मैया स्वच्छ हो जलधारा निर्मल रहे इसका संकल्प लेकर नर्मदा परिक्रमा की जा रही है। कहा कि नर्मदा के किनारे जल ग्रहण क्षेत्र में पौधरोपण किया जाना जरूरी है। कहा कि लोग अपने जन्मदिन पर एक वृक्ष अवश्य लगाएं, जिससे जीवन में 70-80 तक वृक्ष एक व्यक्ति लगा सकता है।

---

**ठंड से बचने अलाव का सहारा, सर्दी में असावधानी बन रही बीमार होने का कारण**

# फिर लौट आई ठंड के साथ छाने लगा कोहरा, चल रही शीत हवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पिछले तीन-चार दिनों तक तापमान बढ़ने से लोगों को कड़ाके की ठंड से राहत बनी रही दो दिनों से नगर सहित संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में शीत का प्रकोप शुरू हो गया है। दिन और रात का तापमान गिरने के साथ रात एवं सुबह तक कोहरा छाए रहने शीत लहर का दौर भी शुरू हो गया है।

शीत का प्रकोप होते ही लोग चौबीसों घंटे गर्म कपड़ों का उपयोग कर रहे हैं।भारी शीत के असर से पानी अत्यधिक ठंडा हो जाने से पानी को गर्म करके लोग उपयोग करते नजर आ रहे हैं।ठंड बढ़ जाने के साथ इस बार शीत हवाएं भी चल रही है जो शीत के प्रकोप को और अधिक बड़ा रही है।



### हो रहे बीमार

जिस प्रकार ठंड का प्रकोप शीत लहर चलने के साथ रात एवं सुबह कोहरा छा रहा है। ऐसे मौसम में जरा सी असावधानी बीमार होने का कारण बन रही है। नन्हे मुन्ने बच्चे सुबह जल्दी तैयार होकर स्कूल जा रहे हैं भारी ठंड में उन्हें स्कूल जाने तैयार करना परिवारों को चुनौती सा हो गया है।सर्दी जुकाम खांसी सिर दर्द जैसी शीत जनित बीमारियों से ग्रसित लोगों की संख्या बढने के साथ सिविल अस्पताल प्राइवेट डॉक्टर के यहां भीड़ लगने लगी है।

### अलाव, चाय का सहारा

शीत के प्रकोप से बचने लोग शरीर को गर्म बनायें रखने अलाव जलाकर हाथ पैर को गर्म बनाए रखने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं।शीत प्रकोप के दूसरे अटैक तक नगर पंचायत द्वारा नगर के सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था नहीं की है।लोग कचरा पन्नी गट्टा टायर इत्यादि जलाकर आग ताप रहे हैं शरीर को गर्म बनाए रखना बार-बार चाय पीने के कारण चाय की दुकानों पर लोगों की सुबह से भीड़ लगी दिखाई देती है।

---

हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 223. संतराम महिलांग पिता\पति राम दास पता- शारदा विहार म.न.178 नगर पंचायत माना कैम्प, 224. रितिका साहू पिता\पति रामचंद साहू पता - कटोरा तालाब रायपुर, 225. संतोष कुमार सोनी पिता\पति लोचन सोनी पता - मठपारा के पास गभरापारा, 226. भुनेश्वरी वर्मा पिता\पति खोमन लाल वर्मा पता– बिरगांव, 227. दीपक कुमार सेन पिता\पति जंतू राम सेन पता - तेलीबांधा रायपुर, 228. तरुण धनकर पिता\पति भारत धनकर पता - न्यू शांति नगर रामेश्वर मंदिर के पास शंकर नगर, 229. सुनीता निषाद पिता\पति स्व. मुन्ना लाल निषाद पता- सूरज नगर लभांडी, 230. गणेश्वरी पाल पिता\पति रूपराम पाल पता - शीतला चौक मठपारा रायपुर, 231.निखिल पाल पिता\पति जग्गू राम पाल पता - कृष्णा नगर रायपुर, 232. घनश्याम साहू पिता\पति श्री हरिहर प्रसाद साहू पता - डोमा सेजबहार रायपुर, 233. भोजेंद्र देवांगन पिता\पति राजेश कुमार देवांगन पता- तर्रा सुरसाबाँधा, 234. अपर्णा साहू पिता\पति भारत साहू पता- लाल बगीचा धमतरी, 235. महेंद्र कुमार पिता\पति गुहलेद राम पता- भोथली, 236. नेहा पिता\पति जय प्रकाश पता- संजय नगर शिक्षक कोलोनी कुरूद, 237. शिवभोला वैष्णव पिता\पति स्व.प्रेम दस वैष्णव पता- अर्जुनी डोंगरगांव, 238. लक्की पिता\पति थानेश्वर पता- भटगांव धमतरी, 239. शेषनारायण दास वैष्णव पिता\पति गोबिन्द दास वैष्णव पता- मुचेदंड खुर्सीटिकल राजनादगांव, 240. सैय्यद मोहम्मद अलीम पिता\पति सैय्यद मोहम्मद अली पता- बेमेतरा, 241. काविश पाण्डेय पिता\पति अभिषेक पाण्डेय पता- भानुप्रतापपुर, 242. मयंक कुमार पिता\पति दीपक कुमार सेन पता- नवागांव, 243 अर्नव वाकचौरे पिता\पति राजेश वाकचौरे पता- गुप्ता भवन, शांति नगर जगदलपुर, 244. चांदनी तांडी पिता\पति गजेन्द्र तांडी पता- कोमाखान महासमुंद, 245. तोरणराम नेताम पिता\पति स्व. निमेंश नेताम पता-कोर्ट कॉलोनी कवर्धा, 246. भावना साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- लवन, 247. योगांत यादव पिता\पति राजेंद्र यादव पता- डी.एन.के. कोंडागांव, 248. गीता देवांगन पिता\पति द्वारिका प्रसाद देवांगन पता-भिलाई -3 रेलवे कॉलोनी -7, 249. पूर्णिमा बेहेरा पिता\पति राजेंद्र बेहेरा पता-भिलाई, 250. कल्याणी साहु पिता\पति स्व. हीरा राम साहु पता-पदुम नगर भिलाई -05, 251. भारती राव पिता\पति रमेश राव पता-खुर्शिपार भिलाई, 252. गुरमीत कौर भाटिया पिता\पति उजागर सिंह भाटिया पता-गुरुद्वारा रोड संतरा बाड़ी दुर्ग, 253. आर्या देशमुख पिता\पति संजय देशमुख पता- देशमुख बाड़ा स्टेशन रोड, 254. डाली देवांगन पिता\पति बालमुकुन्द देवांगन पता- शंकर नगर दुर्ग, 255. लक्ष्मी देशलहरे पिता\पति बी.डी. देशलहरे पता-प्लाट -33 भिलाई राधिका नगर, 256. हेमा श्रीवास पिता\पति सुनील कुमार श्रीवास पता- वार्ड न. -12 जवाहर नगर भिलाई 24/29, 257. बीना पिता\पति युगल किशोर पता- अंडा, **बिलासपुर संस्करण**- 258. माया त्रिपाठी, पिता/पति- राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी पता- सागर होम्स फेस 1, बिलासपुर 259. उमा शर्मा पिता/पति इंद्रधवन तिवारी, पता- बिलासपुर 260. संगीता शर्मा, पिता/पति- रामशरण दुबे पता- कुदुदंड बिलासपुर, 261. सुशील कुमार शर्मा, पिता/पति- बहोरिक लाल शर्मा, पता- बिलासपुर 262. शांभवी दुबे पिता/ पति- मधुरंजन दुबे पता- मोपका बिलासपुर 263. ओंकार सिंह चंद्रा पिता/पति एस.एल.चंद्रा पता- बिलासपुर 264. श्रेयांश सूर्यवंशी पिता/पति- अशोक सूर्यवंशी पता- जरहाभाठा, राजींव गांधी चौक, बिलासपुर 265.बसंत बघेल पिता/पति- स्व.कपूर दास बघेल पता- कानन पेण्डारी, बिलासपुर 266. रानी अग्रवाल पिता/पति- संतोष कुमार अग्रवाल पता- तेलीपारा बिलासपुर 267. ममता सिंह राजपूत पिता/पति- विनोद राजपूत पता- मंगला बिलासपुर 268. अनंत कुमार पांडेय, पिता/पति- स्व. भास्कर पांडे, पता- एलआईजी 227, देवरीखुर्द, बिलासपुर 269.धनीलाल साकत पिता/पति- स्व. रामलाल साकत, पता- इंद्रा कॉलोनी, तारबाहर, बिलासपुर 270.रूचि यादव पिता/पति- कार्तिक राम यादव पता- बी.आर.यादव नगर, बहतराई, बिलासपुर 271.हरमीत कौर छाबड़ा पिता/पति-प्रीतम सिंह होरा पता-शिवाजी मार्ग, टिकरापारा बिलासपुर 272.सारंग पांडेय पिता/पति- संतोष पांडेय, पता- बिलासपुर,273. नारायणी साहू पिता/पति- रामकुमार साहू, पता- देवरीखुर्द बिलासपुर 274. कोमल वर्मा पिता/पति- धर्मेन्द्र कुमार वर्मा पता- कालिका नगर तिफरा, बिलासपुर 275. खिलेश साहू पिता/पति- रामनारायण, पता- श्याम नगर लिंगियाडीह बिलासपुर 276. प्रज्ञा यादव पिता/पति- ऋषिकांत यादव, पता- हांफा जिला बिलासपुर 277. ज्योति गुप्ता पिता/पति- आनंद कुमार गुप्ता, पता- दयालबंद बिलासपुर 278. दीपक जायसवाल पिता/पति- रामकृष्ण जायसवाल, पता- देव नगर कोनी, जिला बिलासपुर 279. गंगा शुक्ला पिता/पति- दिनेश शुक्ला पता- करबला रोड बिलासपुर 280. केदारनाथ शुक्ला पिता/पति- सचेतराम गुप्ता पता- लखराम, जिला बिलासपुर, **भोपाल संस्करण**- 281. छोटी बाई बंजारा पिता\पति - रामचरण बंजारा पता- सुंदरपुरा पोस्ट उकावद तहसील मकसूदनगढ़ गुना, 282. लाली गौर पिता\पति - नीलेश गौर रहटगांव, 283. ममता राजपूत पिता\पति - कैलाश सिंह पता- राजपूत रायसेन, 284. उपेन्द्र सिंह राठौर पिता\पति -बिसोनिया पता- राजगढ़, 285. लक्ष्मीनारायण साहु पिता\पति- रमेश कुमार साहु 199 शंकर नगर पलासी करोद, 286. प्रियंका पाण्डेय पिता\पति - राजकुमार पाण्डेय 608 मुरली नगर, 287. स्वीटी यादव पिता \पति - राधेश्याम यादव पीपल चौराहा करोद, 288. मेघा मालवीय पिता\पति –धनी राम राहुल नगर हर्षवर्धन नगर, **जबलपुर संस्करण**- 289. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 290. महेश कुमार श्रीवास्तव पिता\पति- कंचन सिंह श्रीवास्तव छपारा जिला सिवनी, 291. आदिल खान पिता\पति - सुमिर मोहम्मद छपारा सिवनी, 292. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 293. हंर्षराज जैन पिता\पति - रजनीश कुमार जैन कोतमा अनूपपुर, 294. काजल यादव पिता\पति - दुर्गा प्रसाद यादव गोविंद गोविंद गांव वार्ड नंबर 11 कोतमा अनूपपुर, 295. पूर्णिमा सोनी पिता\पति- कैलाश प्रसाद सोनी बिजली अनूपपुर, 296. तनिष्का चतुर्वेदी पिता\पति- H.K चतुर्वेदी अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**